शुक्रवार
20 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

वर्ष 2, अंक 46 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## नालंदा में एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों से दूर रहने की अपील

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की। बैठक में तीनों तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि जिले में एलपीजी सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य रूप से जारी है।

जानकारी के अनुसार, इंडियन ऑयल (आईओसीएल) की 18 एजेंसियों के पास 9703 सिलेंडर, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की 27 एजेंसियों के पास 12302 सिलेंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) की 9 एजेंसियों के पास 2110 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। इस प्रकार जिले में कुल मिलाकर पर्याप्त मात्रा में एलपीजी सिलेंडर मौजूद हैं।

जिलाधिकारी ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि घबराहट में अतिरिक्त बुकिंग न करेंऔर न ही कालाबाजारी से गैस सिलेंडर खरीदें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता केवल अधिकृत माध्यमों जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म या एजेंसी के जरिए ही सिलेंडर की बुकिंग करें और प्राप्त करें। साथ ही सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न देने और ऐसी जानकारी को साझा न करने की भी सलाह दी।

सिलेंडर बुकिंग या अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष संख्या 06112-233168 है, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि गैस सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पर्व-त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट, शांति व्यवस्था हेतु कड़े निर्देश



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। आगामी ईद, चैती छठ, चिरागा मेला, रामनवमी एवं महावीर जयंती को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को टाउन हॉल, बिहारशरीफ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त रूप से की।

बैठक में जिले भर के प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पर्वों के दौरान विशेष सतर्कता और चौकसी बरतना आवश्यक है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पैदल और वाहन गश्ती सुनिश्चित करने तथा नियंत्रण कक्ष से 24 घंटे निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार के अवैध जुलूस, हुड़दंग और बाहरी बाइकर्स समूह पर सख्त नजर रखी जाए। साथ ही अफवाह फैलाने वालों और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया।पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने भी ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने, दोपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग रोकने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई करने तथा महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

बैठक में अधिकारियों को हाई अलर्ट मोड में रहते हुए टीम भावना से कार्य करने, छोटी घटनाओं की सूचना तुरंत देने और समय रहते स्थिति नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

थरथरी (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर छेड़खानी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के सुपुर्द कर दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा बढ़ा है।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते दो दिन पूर्व आरोपी गुड्डू कुमार (30 वर्ष) पर एक गांव में घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया गया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थरथरी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया और उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद विधि-सम्मत प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

## भ्रष्टाचार, जाली नोट और साइबर अपराध पर एडीजी ने दिए कड़े निर्देश

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर स्थित आईआरसीसी भवन में गुरुवार को आर्थिक अपराध इकाई, बिहार के अपर पुलिस महानिदेशक नैयर हसनैन खान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी राशि के गबन, भ्रष्टाचार, बैंक फ्रॉड, जाली नोट, मूर्ति चोरी, अवैध उत्खनन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान एडीजी ने भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने वाले लोक सेवकों की पहचान कर उनकी संपत्तियों की जांच की जाए और आवश्यकतानुसार पीएमएलए के तहत प्रस्ताव भेजा जाए। साथ ही उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया।

उन्होंने बताया कि बिहार-नेपाल सीमा से सटे जिलों में जाली नोट के गिरोह सक्रिय हैं, जिनका संबंध नालंदा से भी जुड़ा पाया गया है। ऐसे अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने और बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में अवैध नन-बैंकिंग कंपनियों के खिलाफ जांच तेज करने को कहा गया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लालच देकर ठगी कर रही हैं। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक से जुड़े गिरोहों की पहचान कर सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया।

एडीजी ने बढ़ते साइबर अपराध, विशेषकर डीपफेक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित ठगी के मामलों पर चिंता जताते हुए साइबर थानों के बीच बेहतर समन्वय और जन जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में नालंदा के पुलिस अधीक्षक, हिलसा-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, विधि-व्यवस्था डीएसपी सहित सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार का कहर: इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्रों की सड़क हादसे में मौत, दो घायल



चितरंजन कुमार


चंडी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के गौड़ापर-सालेहपुर के बीच एसएच-78 (सरमेरा-विहटा सड़क) पर हुए भीषण सड़क हादसे में नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडी के तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

मृतकों की पहचान कटिहार जिले के आजमनगर थाना क्षेत्र के टेना गांव निवासी अखिलेश सिंह के 25 वर्षीय पुत्र राहुल रंजन, जमुई जिले के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के सोलाहपुर निवासी संजय कुमार के 24 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार तथा समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के शम्भू पट्टी निवासी राजीव कुमार सिंह के पुत्र उत्सव कुमार सिंह के रूप में हुई है। तीनों छात्र वर्ष 2024 बैच के इलेक्ट्रिकल शाखा के विद्यार्थी थे।

वहीं हादसे में गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी परमानंद सिंह के पुत्र धीरज कश्यप तथा रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के भलुनी निवासी प्रमोद राय के पुत्र शशिकांत कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को रेफरल अस्पताल चंडी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चंडी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में जा गिरी, जिससे यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का राजगीर दौरा, पर्यटन संभावनाओं का लिया जायजा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य एवं रेलवे के एडीजी नैयर हसनैन खां गुरुवार को विशेष सैलून से एक दिवसीय निजी दौरे पर राजगीर पहुंचे। उनके आगमन पर दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

दौरे के दौरान उन्होंने सबसे पहले राजगीर के प्रसिद्ध आकाशीय रज्जू मार्ग (रोपवे) का सफर किया और विश्वशांति स्तूप पहुंचे। वहां से उन्होंने राजगीर की खूबसूरत वादियों, पहाड़ियों और प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन किया तथा क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं की सराहना की।

इसके बाद अधिकारियों ने नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण किया, जहां उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों और इसके अंतरराष्ट्रीय महत्व की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेषों का भी दौरा किया और उसके गौरवशाली इतिहास तथा प्राचीन शिक्षा व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली।


इस अवसर पर डीएसपी सुनील कुमार सिंह सहित कई प्रशासनिक एवं रेलवे अधिकारी भी मौजूद रहे। पूरे दौरे के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का यह दौरा न केवल पर्यटन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, बल्कि इससे क्षेत्र में रेलवे और पर्यटन के समन्वित विकास की संभावनाओं को भी बल मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान




Kalope
HOMES
All-in-One Home Solution
Luxury Interior with RealPlast UPVC
Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance
Material Partner: REAL PLAST
RealPlast UPVC is a next-generation interior material
that combines strength, safety, and luxury design.
Modular Kitchen
Cabinets, shutters, drawers
TV Unit & Wall Panels
Modern design, storage
Wardrobes & Closets
Sliding, swing, loft, drawers
Bathroom Vanities
Waterproof & hygienic
+91 74887 06578
www.kalopehomes.com
Patna, Bihar

# हरनौत में वार्षिक परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, संकुल स्तर पर मूल्यांकन कार्य शुरू



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के 124 सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा बृहस्पतिवार को स्वच्छ, पारदर्शी एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2025-26 का समापन भी हो गया। परीक्षा के दौरान सभी विद्यालयों में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नितेश कुमार रंजन ने बताया कि राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद के दिशा-निर्देश के अनुसार परीक्षा आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि कक्षा एक में 2377, दूसरी में 2413, तृतीय में 2795, चौथी में 2982, पांचवीं में 3398, षष्ठम में 2787, सप्तम में 2734 तथा कक्षा आठवीं में 2583 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं।उधर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबनहुआ में भी प्रथम से आठवीं तक की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक राजा राम पासवान ने बताया कि अंतिम दिन प्रथम पाली में विज्ञान तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी की मौखिक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा संचालन में विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग मिला।उन्होंने बताया कि कक्षा 3 से 8 तक की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 19 से 24 मार्च तक कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर पर किया जा रहा है। इसमें सात विद्यालयों की कॉपियों की जांच के लिए 24 शिक्षक-शिक्षिकाएं लगाए गए हैं। साथ ही आगामी 30 मार्च को सभी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित कर परीक्षा परिणाम साझा किया

# किसान कॉलेज में अव्यवस्था के खिलाफ विद्यार्थी परिषद ने सौंपा मांग पत्र




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, किसान कॉलेज इकाई के द्वारा महाविद्यालय में व्याप्त विभिन्न कुव्यवस्थाओं के समाधान को लेकर गुरुवार को कॉलेज प्रशासन को मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान जिला संयोजक प्रतीक राज के नेतृत्व में छात्रों ने शैक्षणिक अराजकता, स्वच्छता, पुस्तकालय एवं खेलकूद व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग उठाई।

प्रतीक राज ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रों से पीजी चौथे एवं दूसरे सेमेस्टर में नामांकन के दौरान राजभवन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली गई है, जिसकी जांच कर अतिरिक्त शुल्क वापस किया जाना चाहिए। इसके अलावा पुस्तकालय से छात्रों को नियमित रूप से किताबें उपलब्ध कराने, छात्र-छात्राओं के लिए समुचित शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा खेलकूद के लिए वार्षिक योजना बनाने की मांग की गई।

मांग पत्र में सीएलसी को ऑनलाइन करने की व्यवस्था लागू करने तथा सभी विद्यार्थियों को कॉलेज आईडी कार्ड उपलब्ध कराने की भी बात कही गई, ताकि छात्रों को प्रवेश के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। परिषद ने आरोप लगाया कि आईडी कार्ड के नाम पर राशि ली जाती है, लेकिन कई छात्रों को अब तक पहचान पत्र नहीं मिला है।

प्रतीक राज ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही छात्र हित से जुड़े इन मांगों पर कॉलेज प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया, तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।


इस मौके पर अमित कुमार, ऋतु कुमार, प्रिंस कुमार, ऋतिक कुमार, पवन कुमार और रौशन कुमार समेत कई छात्र उपस्थित रहे।












# कुंदी गाँव में निकली भव्य कलश यात्रा, उमड़ा जनसैलाब , हुआ भक्तिमय माहौल



नूरसराय (अपना नालंदा)। दरुआरा पंचायत के कुंदी गाँव में गुरुवार को चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सुबह से ही गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल देखने को मिला और हर ओर जयकारों की गूंज सुनाई दी।


शोभा यात्रा की शुरुआत मघड़ा स्थित शीतला मंदिर तालाब से हुई, जहां महिलाओं ने विधि-विधान के साथ कलश में जल भरकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद महिलाएं सिर पर कलश रखकर "जय माता दी" और "जय श्री राम" के जयकारों के बीच यात्रा में शामिल हुईं। डीजे की धुन पर युवा और बच्चे भी झूमते नजर आए, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

कलश यात्रा मखनपुर बेलदारी, मखनपुर नारी और किशुनपुर गांव होते हुए कुंदी स्थित माता दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां मूर्ति स्थापना की तैयारी की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही और लोगों ने श्रद्धा के साथ यात्रा में भाग लिया।

दुर्गा पूजा समिति के सदस्य राजनंदन प्रसाद ने बताया कि कुंदी गांव में पिछले 25 वर्षों से दुर्गा पूजा के अवसर पर माता की मूर्ति स्थापना की परंपरा चली आ रही है। अष्टमी, नवमी और दशमी के दिन यहां भव्य मेले का आयोजन होता है, जिसमें आसपास के कई गांवों से लोग पहुंचते हैं।

ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह की धार्मिक यात्रा से सुख-समृद्धि, संतान सुख और निरोग जीवन का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही यह आयोजन गांव में आपसी भाईचारा और एकता को भी मजबूत करता है।

इस अवसर पर सतीश कुमार, राहुल कुमार, करण कुमार, सागर कुमार, कथा वाचक माधव पांडेय सहित कई लोग मौजूद रहे।






# 600 कन्याओं की भव्य कलश यात्रा से जगतपुर में शतचंडी महायज्ञ शुरू



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड के जगतपुर गांव में नौ दिवसीय श्री श्री 108 पंचकुंडीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर 600 से अधिक कन्याओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था और हर ओर भक्ति की धारा बहती नजर आई।कलश यात्रा की शुरुआत बाढ़ स्थित उमानाथ संगम घाट से हुई, जहां विद्वान आचार्य राममूर्ति पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कन्याओं ने विधि-विधान के साथ जल भरकर पूजा-अर्चना की। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर जुलूस के रूप में आगे बढ़े। इस दौरान लगभग 12 बड़े बस और 30 से अधिक छोटे वाहनों के माध्यम से श्रद्धालु संगम घाट पहुंचे थे।जल भरने के बाद शोभायात्रा बाढ़ से निकलकर बेलछी गांव पहुंची और वहां से पदयात्राकरते हुए गोसाई मठ मार्ग से महायज्ञ स्थल तक पहुंची। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन और जयकारों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या में वृंदावन से आई कथा वाचिका प्रियंका शास्त्री द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। साथ ही वृंदावन की प्रसिद्ध रास मंडली द्वारा संगीतमय रासलीला की प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।

यह धार्मिक आयोजन 19 मार्च से 28 मार्च तक चलेगा। मेले का भी आयोजन किया गया है, जहां श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए झूले समेत कई व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# छठ महापर्व से पहले घाटों का निरीक्षण, सफाई और सुरक्षा के कड़े निर्देश



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. अनूपा कुमारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

ईओ ने स्पष्ट कहा कि छठ महापर्व को देखते हुए शहर की नियमित सफाई के साथ-साथ छठ घाटों की साफ-सफाई प्रतिदिन सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए घाटों तक जाने वाले सभी मार्गों की साफ-सफाई और मरम्मत का कार्य समय पर पूरा किया जाए, ताकि व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

छठ पूजा समिति की ओर से भी व्रतियों के लिए हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। ईओ डॉ. अनूपा कुमारी ने बताया कि छठ पर्व के दौरान घाटों पर हेल्प डेस्क की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से गोताखोरों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

इस मौके पर वार्ड पार्षद सूरज बंटी, स्वच्छता पदाधिकारी शाम्भवी, स्वच्छता पर्यवेक्षक सोनू कुमार सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में जुटे दिखे।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



## नौकरी लेने के लिए शिक्षा के साथ हुनर होना चाहिए

सरकारी नौकरियों की घटती संख्या, निजी क्षेत्र की जरूरतों में बदलाव, बढ़ती आबादी तथा रोजगारपरक शिक्षा के अभाव में देश में रोजगार के अवसर कम हुए हैं। कहा जाने लगा है कि अब केवल शिक्षा ही रोजगार की गारंटी नहीं रह गई है। हाल के कुछ सर्वेक्षण इस बात की पुष्टि करते हैं। पिछले दिनों इस कटु सत्य को बयां करती 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2026' रिपोर्ट आई है। रिपोर्ट बताती है कि देश में चालीस प्रतिशत युवा स्नातकों को बेरोजगार रहना पड़ता है। साथ ही उनमें से केवल सात फीसदी को ही एक वर्ष के भीतर स्थिर वेतन वाली नौकरियां मिल पाती हैं। निस्संदेह, हाल ही में सामने आए ये आंकड़े देश में रोजगार सृजन और उच्च शिक्षा तक पहुंच के बीच के असंतुलन को ही उजागर करते हैं। उल्लेखनीय है कि अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक वर्ष करीब पचास लाख स्नातक देश के कार्यबल में प्रवेश करते हैं। लेकिन उनमें से मुश्किल से आधे ही रोजगार पा सकते हैं। इसके साथ ही उन्हें कम सुरक्षित व कम वेतन वाली नौकरियां ही मिलती हैं। निश्चय ही दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले देश के लिये यह सुखद संकेत नहीं कहा सकता है। अन्य शब्दों में कहें तो स्नातक होने और रोजगार के अवसरों के बीच व्याप्त असंतुलन के चलते भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के कालांतर जनसांख्यिकीय दायित्व में तब्दील होने का खतरा पैदा हो रहा है। जिसे देश के नीति-नियंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। विशेषज्ञों का अनुमान है कि देश में कामकाजीउम्र की आबादी के साल 2030 से पहले चरम पर पहुंचने का आकलन है। इस स्थिति में चिंता जतायी जा रही है कि देश में युवा ऊर्जा के सदुपयोग करने के अवसर तेजी से कम होता जा रहा है। निर्विवाद रूप से यदि भविष्य में पर्याप्त और लाभकारी रोजगार के अवसर पैदा नहीं किए जाते हैं तो देश में बेरोजगारी बढ़ने से युवाओं के कुंठित होने का खतरा पैदा हो सकता है।

वहीं दूसरी ओर भारतीय रोजगार परिदृश्य पर नजर रखने वाले विशेषज्ञ चिंता जता रहे हैं कि देश को शिक्षित युवाओं में लगातार बढ़ती निराशा, स्थिर आय और धीमी आर्थिक गतिशीलता जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

वास्तव में यहां प्रश्न केवल संख्या का ही नहीं है वरन यह रोजगार की गुणवत्ता का भी सवाल है। देश में कई स्नातक ऐसे संस्थानों से निकलते हैं, जो शिक्षकों की कमी, पुराने पाठ्यक्रम और कमजोर उद्योग संबंधों जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। विडंबना यह भी है कि देश में कुशल श्रम को रोजगार देने में सक्षम क्षेत्र, मसलन विनिर्माण और उच्च मूल्य वाली सेवाएं पर्याप्त रूप से विकसित नहीं हुई हैं। इसका परिणाम यह है कि डिग्री की संख्या रोजगार बाजार में मांग की संख्या के अनुपात में कहीं अधिक है। वहीं दूसरी ओर, निर्विवाद रूप से देश के रोजगार बाजार में सकारात्मक रूप से भी प्रगति के संकेत मिल रहे हैं।

जाति और लिंग से जुड़ी व्यावसायिक बाधाएं धीरे-धीरे कम हो रही हैं। हालांकि, रोजगार सृजन में समांतर वृद्धि के बिना ये उपलब्धियां महत्वहीन ही होंगी।

यह भी हकीकत है कि मौजूदा परिदृश्य में देश को नामांकन बढ़ाने की प्राथमिकता से हटकर रोजगार क्षमता बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा।

# महावीर मंदिर में दर्शन कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राम रथ किया रवाना



पटना (अपना नालंदा)। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पवनपुत्र बजरंगबली का दर्शन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।इस अवसर पर संजय सरावगी ने भगवा झंडा दिखाकर श्रीराम रथ को रवाना किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं कृषि मंत्री रामकृपाल यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में श्रीरामनवमी शोभायात्रा अभिनंदन समिति तथा न्यू मार्केट दुकानदार एसोसिएशन के सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में "जय श्री राम" के जयघोष से माहौल गूंजता रहा।

मीडिया से बातचीत में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सनातन परंपराओं और प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर आधारित जीवन शैली ही मानवता के लिए कल्याणकारी है।

उन्होंने लोगों को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम ने धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है।

उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है।

उनके चरित्र में प्रेम, शील, सदाचार और लोक व्यवहार के आदर्श गुण समाहित हैं, जो समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं।

# बैंक कर्मियों का प्रदर्शन तेज, 30 मार्च को हड़ताल की चेतावनी



पटना (अपना नालंदा)। बैंक कर्मियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। फेडरेशन ऑफ बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ यूनियंस के आह्वान पर 18 मार्च 2026 को देशभर के सभी आंचलिक कार्यालयों के समक्ष सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया। इसी क्रम में पटना के आर ब्लॉक स्थित बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक कार्यालय के बाहर भी बड़ी संख्या में कर्मियों ने एकत्रित होकर अपनी एकजुटता और आक्रोश प्रकट किया।

प्रदर्शन के दौरान कर्मियों ने भर्ती प्रक्रिया में तेजी, वेतन एवं भत्तों में सुधार, एचआरएमएस से जुड़ी समस्याओं के समाधान तथा कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। यूनियन का आरोप है कि प्रबंधन इन महत्वपूर्ण मुद्दों की लगातार अनदेखी कर रहा है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

यूनियन द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत 24 मार्च 2026 को सभी आंचलिक कार्यालयों के समक्ष एक घंटे का रिले धरना और प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद भी यदि मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई, तो 30 मार्च 2026 को बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल पर जाएंगे।

बैंक ऑफ इंडिया एम्प्लाइज यूनियन (बिहार राज्य) के महासचिव प्रफुल्ल कुमार ने सभी कर्मियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में भाग लें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट रहें। उन्होंने कहा कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा।

# मलमास मेला बन्दोबस्ती को लेकर बढ़ी सरगर्मी, ठेकेदारों में कड़ी प्रतिस्पर्धा

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर के आगामी मलमास मेला को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मेला की बन्दोबस्ती हासिल करने के लिए ठेकेदारों के बीच गतिविधियां बढ़ गई हैं और दावेदार लगातार अपनी रणनीति बनाने में जुटे हैं। विभिन्न समूहों द्वारा बैठकें कर बन्दोबस्ती प्रक्रिया में बढ़त हासिल करने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

इस बार मेला बन्दोबस्ती को लेकर प्रतिस्पर्धा काफी कड़ी मानी जा रही है। जहां एक ओर पुराने ठेकेदार अपने अनुभव के आधार पर फिर से जिम्मेदारी लेने की कोशिश में हैं, वहीं कई नए चेहरे भी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। कुछ दावेदार अलग-अलग हिस्सों का ठेका लेने की योजना बना रहे हैं, तो कुछ सामूहिक रूप से बन्दोबस्ती लेने के प्रयास में जुटे हैं।

प्रक्रिया के तहत दावेदारों के लिए चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। इसके चलते पुलिस विभाग में प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। ठेकेदारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से जरूरी कागजी कार्यवाही पूरी की जा रही है, वहीं बैंकों और संबंधित विभागों में दस्तावेजों की जांच-पड़ताल भी जारी है।

हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक बन्दोबस्ती की तिथि की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन संभावित तिथि को ध्यान में रखते हुए सभी दावेदार अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मलमास मेला न केवल धार्मिक, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में बन्दोबस्ती को लेकर बढ़ती सक्रियता स्वाभाविक है। प्रशासनिक घोषणा के बाद इस प्रक्रिया में और तेजी आने की संभावना जताई जा रही है।

# नालंदा में सियासी बयानबाजी तेज, कांग्रेस और प्रशांत किशोर पर निशाना



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में उस समय सियासी हलचल तेज हो गई, जब लोजपा (रामविलास) के व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा पटना जाने के क्रम में यहां पहुंचे। इस दौरान जदयू नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। साथ ही उन्होंने कई समसामयिक और राजनीतिक मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी।

बिहारशरीफ मुख्यालय के कमरुद्दीनगंज में जनता दल यूनाइटेड के व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष श्रवण कुमार से अशोक कुमार वर्मा ने मुलाकात की। इस अवसर पर जदयू एवं लोजपा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

मीडिया से बातचीत के दौरान अशोक कुमार वर्मा ने नवादा जिले के अकौना बाजार में 16 मार्च को हुए ज्वेलर्स लूटकांड का जिक्र करते हुए कहा कि पिस्टल के बल पर एक व्यवसायी से जेवरात और नकदी लूट ली गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही वे स्वयं पीड़ित से मिलने पहुंचे और मामले को पुलिस प्रशासन के समक्ष उठाया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि कुछ अपराधियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। साथ ही लूटे गए सामान की बरामदगी का भी प्रयास जारी है।

गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमत और कथित किल्लत को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर बाजार पर पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जरूरत से अधिक गैस सिलेंडर का भंडारण न करें, क्योंकि इससे कृत्रिम संकट उत्पन्न होता है।

कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि अब पार्टी का जनाधार कमजोर हो चुका है और वह केवल विरोध के लिए विरोध करने तक सीमित रह गई है। वहीं बिहार की राजनीति पर बोलते हुए उन्होंने जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर का कोई ठोस जनाधार नहीं है और उनके दौरों से राज्य की राजनीति पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ने वाला।

इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि छोटी-मोटी आपराधिक घटनाएं हर समाज में होती हैं, लेकिन राज्य की कानून व्यवस्था पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है।

फिलहाल नालंदा में राजनीतिक बयानबाजी का दौर जारी है, जहां एक ओर विपक्ष सरकार को घेरने में लगा है, वहीं सत्तापक्ष अपनी उपलब्धियों को जनता के बीच रखने में जुटा हुआ है।

# भीषण आग से झोपड़ी राख, बकरियों की मौत, छह भैंस झुलसीं



थरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के भतहर गांव में बुधवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग ने एक परिवार को भारी क्षति पहुंचाई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते झोपड़ीनुमा मकान धू-धू कर जलने लगा और अंदर रखा सारा सामान राख हो गया। इस हादसे में दो बकरियों की जलकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह भैंस गंभीर रूप से झुलस गईं।

पीड़ित रामजतन यादव ने बताया कि रात करीब 11 बजे अचानक उनके घर से आग की तेज लपटें उठने लगीं। शुरुआत में उन्होंने खुद आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू पाना संभव नहीं हो सका। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सामूहिक प्रयास से आग बुझाने की कोशिश की, फिर भी आग विकराल रूप ले चुकी थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। तब तक झोपड़ी पूरी तरह जल चुकी थी।

इस आगलगी में लगभग 40 मन चावल, 10 मन गेहूं सहित अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार के सामने अब जीविका का संकट खड़ा हो गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की जा रही है।

# वैदिक मंत्रों के बीच कलश स्थापना, श्रद्धा के साथ चैती नवरात्र प्रारंभ



थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी बाजार में गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण और धार्मिक विधि-विधान के साथ कलश स्थापना कर चैती नवरात्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

पूजा-अनुष्ठान के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। मंदिरों और पूजा स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां भगवती की आराधना की और अपने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

पुरोहित राजदेव पाण्डेय ने बताया कि चैत्र नवरात्र का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी पावन पर्व के दौरान भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव रामनवमी के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी नवरात्र में मां भगवती ने सृष्टि कीरचना की थी, इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की पूजा की गई। उन्होंने बताया कि मां शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं और देवी शक्ति का प्रथम स्वरूप मानी जाती हैं। उनकी आराधना से जीवन में स्थिरता, साहस और ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

इस मौके पर पुजारी राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और पूरे विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई गई। पूरे क्षेत्र में नवरात्र को लेकर उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है।



# नालंदा कॉलेज में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू, छात्रों में उत्साह




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), नालंदा कॉलेज के तत्वावधान में गुरुवार को सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ कॉलेज परिसर में किया गया। 26 मार्च तक चलने वाले इस शिविर में 50 छात्रों के साथ नालंदा महिला कॉलेज की 7 छात्राओं को भी शामिल किया गया है।

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य सजावट और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुई। प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद शिविर के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं प्रभारी प्राचार्य प्रो. आर.पी. कछवे ने छात्रों को सामुदायिक सेवा के प्रति समर्पित होकर कार्य करने और शिविर से मिली सीख को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बिनीत लाल ने बताया कि लंबे समय बाद इस तरह का शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय का सहयोग प्राप्त है। उन्होंने बताया कि सातों दिन विभिन्न सामाजिक विषयों पर कार्यक्रम, गोद लिए गांव में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान तथा रैली के माध्यम से जनसंपर्क किया जाएगा।

अतिथि वक्ता के रूप में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि एनएसएस सेवा, त्याग और समर्पण की भावना विकसित करता है। वहीं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी डॉ. साकेत सुमन ने कहा कि जीवन में सफलता के साथ सार्थकता भी जरूरी है, जिसे एनएसएस सिखाता है।कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग की डॉ. प्रीति रानी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन छात्रा अनुष्का ने दिया। अंत में पीयूष राज, बादल कुमार, अंजलि कुमारी और महिला कॉलेज की मनीषा ने अपने अनुभव साझा किए।

# हिन्दू नववर्ष पर बिहारशरीफ में संघ का भव्य पथ संचलन, उमड़ा उत्साह



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। हिन्दू नव वर्ष (वर्ष प्रतिपदा) के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नालंदा द्वारा बिहारशरीफ नगर में भव्य बौद्धिक सह पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं विभिन्न वर्गों के लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इसके उपरांत आयोजित बौद्धिक सत्र में दक्षिण बिहार के प्रांत बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र भाई त्यागी ने मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दू नव वर्ष के महत्व, भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा और समाज में संगठन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष प्रतिपदा केवल नववर्ष का प्रारंभ नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, स्वाभिमान और परंपरा का प्रतीक है।

बौद्धिक सत्र के पश्चात अनुशासित पथ संचलन निकाला गया, जो बिहारशरीफ नगर के गौरक्षणी परिसर से शुरू होकर भराव पर, पोस्ट ऑफिस, कमरूदीन गंज और रांची रोड होते हुए पुनः गौरक्षणी परिसर पहुंचा। पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला कार्यवाह मंतोष जी एवं नगर संघ चालक विजय जी ने समाज के सभी वर्गों से भारतीय संस्कृति के मूल्यों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# आज होगी पंचायत समिति की अहम बैठक, जनसमस्याओं पर होगा मंथन

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय परिसर में आज शुक्रवार को पंचायत समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक को लेकर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों में खासा उत्साह है, क्योंकि इसमें क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा होने की संभावना है।

बताया जाता है कि इससे पहले 11 मार्च को भी बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कोरम पूरा नहीं होने के कारण उसे स्थगित करना पड़ा था। ऐसे में आज की बैठक को लेकर विशेष तैयारी की गई है, ताकि सभी सदस्य उपस्थित रहकर आवश्यक निर्णय ले सकें।बैठक में मुख्य रूप से सड़क की खराब स्थिति,बिजली की अनियमित आपूर्ति तथा बढ़ती गर्मी को देखते हुए पेयजल संकट जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जनप्रतिनिधि इन समस्याओं को उठाकर समाधान की दिशा में ठोस पहल की मांग कर सकते हैं।प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि कुछ कारणों से पूर्व में मासिक बैठक आयोजित नहीं हो सकी थी, जिसमें विधानसभा चुनाव और विभिन्न पर्व-त्योहार प्रमुख रहे। उन्होंने कहा कि इस बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी जैसे पीओ, सीडीपीओ, बीईओ, बीएओ और पीएचईडी के कनीय अभियंता शामिल होंगे।बैठक के दौरान प्रखंड स्तर पर चल रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ साझा की जाएगी। साथ ही नए सत्र के लिए योजनाओं को पारित किया जाएगा, जिसमें 15वीं वित्त आयोग एवं अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन पर विशेष जोर रहेगा।

# दस साल से बकाया मजदूरी अटकी, प्लंबर ने डीएम से लगाई गुहार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर मलमास मेला 2015 के दौरान कार्य करने वाले एक प्लंबर मिस्त्री की मजदूरी भुगतान का मामला एक बार फिर सामने आया है। राजगीर निवासी परमेश्वर माली ने अपने दस वर्ष पुराने बकाया भुगतान को लेकर जिलाधिकारी और पीएचईडी के वरीय अधिकारियों से गुहार लगाई है। उन्होंने विभाग पर गंभीर उदासीनता का आरोप लगाया है।परमेश्वर माली के अनुसार, 16 जुलाई से 26 अगस्त 2015 तक आयोजित मलमास मेला के दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य किया था। इसके एवज में उन्हें नौ हजार रुपये मजदूरी मिलनी थी, जो आज तक भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वे कई बार पीएचईडी के अधिकारियों और जिलाधिकारी से मिल चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है।माली का कहना है कि विभागीय अधिकारियों के लगातार तबादले के कारण उनका मामला लंबित पड़ा हुआ है। नए पदस्थापित अधिकारी भी इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर रहे हैं और बार-बार टालमटोल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार कार्यालय का चक्कर लगाने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है।

उन्होंने यह भी बताया कि विभाग की ओर से फंड नहीं मिलने का हवाला देकर भुगतान रोका जा रहा है, जबकि मेला से जुड़े अन्य बकाया भी लंबित हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ा है।परमेश्वर माली ने उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप कर शीघ्र बकाया राशि भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

# एलपीजी संकट से बढ़ी महंगाई, हरनौत बाजार में समोसा-चाय तक महंगी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब स्थानीय बाजारों में भी दिखने लगा है। हरनौत बाजार में एलपीजी गैस की किल्लत के कारण महंगाई तेजी से बढ़ रही है, जिससे आम लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। खाने-पीने की चीजों सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में 5 से 10 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है।

गैस आपूर्ति बाधित होने के कारण उपभोक्ताओं को अब सिलेंडर के लिए पहले की तुलना में अधिक इंतजार करना पड़ रहा है। जहां पहले 3 से 5 दिनों में गैस मिल जाती थी, वहीं अब 7 से 10 दिन तक का समय लग रहा है। कई गैस एजेंसियों के कार्यालय बंद रहने से लोग सीधे गोदामों से गैस लेने को मजबूर हैं। इस बीच कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। कुछ दुकानदारों का कहना है कि उन्हें एक सिलेंडर 1800 रुपये तक में खरीदना पड़ रहा है।गैस संकट का सबसे ज्यादा असर छोटे दुकानदारों पर पड़ा है। चाय, समोसा और मिठाइयों की कीमतों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। जो समोसा और रसगुल्ला पहले 12.50 रुपये प्रति पीस मिलता था, वह अब 15 रुपये में बिक रहा है। वहीं चाय की कीमत 10 रुपये से बढ़कर 12 रुपये हो गई है।

# बाइक चोरी का खुलासा नहीं, सवालों के घेरे में पुलिस की कार्रवाई

हरनौत (अपना नालंदा)। तेलमर थाना क्षेत्र के बनगच्छा गांव में बीते 28 फरवरी को हुई बाइक चोरी की घटना का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।पीड़ित अजय कुमार ने अपनी बाइक (बीआर 21एक्स 9865) चोरी होने के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि घटना के तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई थी, लेकिन अब तक न तो बाइक बरामद हो सकी है और न ही चोरों का कोई सुराग मिला है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग दहशत में हैं। इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई धीमी नजर आ रही है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सख्ती नहीं बरती गई तो ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं।

इस मामले में पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। हालांकि अब तक कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लगी है। वहीं पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द बाइक बरामद कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत से कतरीसराय में अफरातफरी, एजेंसी ने दी सफाई

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र में इन दिनों एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं के बीच अफरातफरी की स्थिति बनी हुई है। भारत गैस एजेंसी कटौना पर सुबह होते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है, जहां हर कोई पहले गैस लेने की होड़ में जुटा नजर आ रहा है। इस कारण एजेंसी परिसर में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

गैस एजेंसी के कर्मियों को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के बीच जल्दबाजी और अफवाहों के चलते स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो जाती है।

इस संबंध में गैस एजेंसी संचालक दीपक कुमार ने बताया कि सिलेंडर की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक उपभोक्ता को निर्धारित समय के अनुसार 45 दिनों में एक सिलेंडर उपलब्ध




कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में एक सिलेंडर की कीमत 1012 रुपये 75 पैसे निर्धारित है।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य बनाए रखें। सभी को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराई जाएगी, इसलिए क्रमबद्ध तरीके से गैस लेने की आदत डालें।

इसके बावजूद भीड़ और अफरातफरी की स्थिति बनी हुई है। यदि हालात में सुधार नहीं हुआ तो व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन की सहायता ली जा सकती है।

# ईद को लेकर हिलसा में तैयारी तेज, बाजार गुलजार और सफाई अभियान जारी

हिलसा (अपना नालंदा)। माहे रमजान अपने अंतिम चरण में है और ईद-उल-फितर के आगमन को लेकर हिलसा शहर में उत्साह चरम पर है। एक ओर जहां लोग खरीदारी में जुटे हैं, वहीं नगर परिषद द्वारा ईदगाहों और कब्रिस्तानों में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नगर परिषद की ओर से शहर के सभी कब्रिस्तानों और ईदगाहों में कूड़ा उठाव, सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं युद्धस्तर पर कराई जा रही हैं। राजद के नगर अध्यक्ष मोहम्मद परवेज ने बताया कि ईद के मौके पर नमाज अदा करने आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारी की जा रही है।

इधर अलविदा की नमाज के बाद बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। किराना, ड्राई फ्रूट्स, रेडीमेड कपड़े, जूते-चप्पल और क्रॉकरी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। लोग काजू, किसमिस, बादाम, नमकीन, चीनी, मसाले, शरबत और कोल्ड ड्रिंक्स की खरीदारी में व्यस्त हैं, ताकि



ईद पर मेहमानों की बेहतर खातिरदारी की जा सके। बच्चों में भी खास उत्साह देखा जा रहा है। वे अपने पसंद के कपड़े, जूते और अन्य सामान खरीदने में लगे हैं। शहर के बाजारों और मॉल में सुबह से देर रात तक चहल-पहल बनी हुई है। रेडीमेड कपड़ों की मांग सबसे अधिक है, जबकि टेलर की दुकानों पर पहले से ही भारी भीड़ के कारण नए ऑर्डर लेना लगभग बंद हो गया है।

भीड़ के कारण राणा प्रताप नगर क्षेत्र में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। वहीं घरों और मस्जिदों की सजावट का काम भी तेज हो गया है। रोशनी से सजी मस्जिदें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। अनुमान है कि इस बार ईद 20 या 21 मार्च को मनाई जाएगी।

# दिव्यांगजनों को मिली नई राह, चार लाभुकों के बीच ट्राई साइकिल वितरित

हिलसा (अपना नालंदा)। प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए चार लाभुकों के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जदयू विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया की उपस्थिति रही, जिन्होंने लाभुकों को ट्राई साइकिल प्रदान कर उनके बेहतर भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं तक पहुंच रहा है। इससे लोगों का भरोसा सरकार पर लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस प्रकार की योजनाएं अत्यंत उपयोगी साबित हो रही हैं।कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ) अमर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण ( संबल योजना के



अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-2027 के तृतीय एवं चतुर्थ स्क्रीनिंग में स्वीकृत चार लाभुकों को ट्राई साइकिल दी गई है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार, छात्र जदयू पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पूर्वी भाग (नालंदा) के अध्यक्ष आशीष कुमार, अजित कुमार सिंह, राजीव कुमार उर्फ राजू, प्रमोद कुमार, रंजीत कुमार, रजनीश ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रहुई में 1100 महिलाओं की भव्य कलश यात्रा, महायज्ञ हुआ शुरू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड के अब्दुलहैचक निजाय बस स्टैंड के समीप आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ के शुभारंभ पर भक्ति और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। महायज्ञ से पूर्व 1100 महिला श्रद्धालुओं और कुमारी कन्याओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य एवं विराट कलश यात्रा निकाली, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर बाढ़ स्थित गंगा घाट उमाघाट पहुंची, जहां वृंदावन से आए विद्वान पंडितों द्वारा विधि-विधान के साथ गंगा जल से कलश भरवाया गया। इसके बाद श्रद्धालु महिमा चौक गांव, गुनामा रोड, बोधनगर और निजाय मार्ग होते हुए पैदल यात्रा कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना की गई।

कार्यक्रम के संयोजक विनोद मुखिया ने बताया कि यह श्री विष्णु महायज्ञ 11 दिनों तक



चलेगा। प्रतिदिन सुबह वेद पारायण, मंडप पूजन, स्वाहाकार और आरती का आयोजन होगा। वहीं संध्या में भागवत कथा तथा रात में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा भव्य रासलीला प्रस्तुत की जाएगी।इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मौके पर रवि कुमार, छोटू कुमार, सोनू कुमार, गोरेलाल, संतु कुमार, अमित कुमार, सतेंद्र कुमार सहित हजारों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

# भारतीय नववर्ष पर हिलसा में निकली भव्य स्वर्वेद यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

हिलसा (अपना नालंदा)। भारतीय नववर्ष के अवसर पर गुरुवार को हिलसा में विहंगम योग संस्थान के तत्वावधान में भव्य स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का आयोजन विहंगम योग संत समाज, हिलसा द्वारा किया गया, जिसमें सैकड़ों अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यात्रा का शुभारंभ स्थानीय विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने 'अ' अंकित श्वेत ध्वजा दिखाकर किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु अपने मस्तक पर 'अ' अंकित श्वेत ध्वजा और स्वर्वेद ग्रंथ लेकर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से गुजरे। इस दौरान पूरे शहर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।यात्रा का समापन सूर्यमंदिर तालाब पर आरती और वंदना के साथ किया गया, जहां श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजन के दौरान अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।



विहंगम योग समाज हिलसा के संयोजक जय सिंह ने बताया कि स्वर्वेद ग्रंथ में मानव जीवन के उद्देश्य, आत्मा और परमात्मा के संबंध तथा ध्यान साधना के विभिन्न स्तरों का विस्तृत वर्णन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरे भारत में 134 स्थानों पर एक साथ आयोजित की जाती है, जो इसकी विशेषता है।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष धनंजय कुमार, ललन प्रसाद, रविंद्र कुमार, आलोक कुमार, दीप माला, मालती देवी, मंजू देवी, शारदा सिन्हा, रेखा, अनीता, कुंज बिहारी, पल्लवी, सुनीता देवी, रिकी देवी, प्रमिला देवी सहित कई श्रद्धालु और विहंगम योग के अनुयायी मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर कन्या जन्मोत्सव, बेटी बचाओ का दिया गया संदेश

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। बाल विकास परियोजना हरनौत के तत्वावधान में कल्याण बिगहा गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 32 पर गुरुवार को कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीडीपीओ पिंकी कुमारी उपस्थित रहीं। इस दौरान ग्रामीण महिलाएं, किशोरियां, महिला पर्यवेक्षिका, सेविका और सहायिका बड़ी संख्या में शामिल हुईं।कार्यक्रम के दौरान रंगोली प्रतियोगिता, अन्नप्राशन संस्कार तथा एमजीएम किट का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक इन गतिविधियों में भाग लिया, जिससे केंद्र का माहौल उत्सवमय बना रहा।सीडीपीओ पिंकी कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है। उन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों और उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही उन्होंने शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने और बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

इस अवसर पर वार्ड सदस्या सुनीता देवी के साथ ग्रामीण महिलाओं में पूजा, संगीता, ज्योति, प्रीति और कविता शामिल रहीं।

वहीं किशोरियों में घृत्या राज, रानी, रिया, लवली और सोनी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के माध्यम से बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।